# संवाद पत्र

पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन

अंक : 50 वर्ष : त्रयोदश त्रैमासिक अप्रैल, 2019




## 70वां गणतंत्र दिवस समारोह-2019

श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण), पूर्वोत्तर सीमा रेल ने देश के70वें गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 26 जनवरी, 1950 को हमारा देश एक स्वतंत्रत, प्रभुसत्ता संपन्न 'प्रजातंत्र' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। पिछले 69 वर्षों के उपरांत हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातंत्र होने के साथ-साथ पूरे विश्व में सबसे मजबूत प्रजातांत्रिक देशों में से एक है। इस प्रजातंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए इस विशाल देश का आर्थिक व सामाजिक रूप से सर्वांगीण विकास अत्यंत जरूरी है। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निर्माण संगठन बंगाल, बिहार एवं सिक्किम के कुछ हिस्सों के साथ देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में रेल नेटवर्क के विकास के उद्देश्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्ष 1979 में निर्माण संगठन के अस्तित्व में आने के पश्चात् 973.84 कि. मी. नई लाइनें, 2683.37 कि.मी. आमान परिवर्तन, 296.76 कि.मी. दोहरीकरण तथा ब्रह्मपुत्र नद के ऊपर 3 बड़े मेगा पुलों जो कि एक जोगीघोपा में नरनारायण सेतु रेल-सह-सड़क पुल, दूसरा तेजपुर में कोलियाभोमोरा सड़क पुल और तीसरा दिनांक 25 दिसम्बर 2018 को डिब्रूगढ से धेमाजी को जोड़नेवाला बोगीबिल रेल सह सडक पुल का निर्माण करना संभव हो पाया है। भारतीय रेल के विजन डक्यूमेंट के अनुसार पूर्वोत्तर राज्यों की सभी राजधानियों (8 राज्यों क्रमशः असम, अरूणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड एवं सिक्किम) को 2020 तक बीजी रेल लिंक से जोड़ा जाना है। सिक्किम को छोड़कर पूर्वोत्तर के अन्य सभी राज्यों को भारतीय रेल के बीजी नेटवर्क से जोड़ लिया गया है।

पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन पड़ोसी देशों जैसे- नेपाल, भूटान और बांगलादेश आदि देशों के साथ रेल संपर्क स्थापित करने के लिए अगरतला-अखौरा (बांगलादेश) रेल लिंक परियोजना, हल्दीबाड़ी (भारत) के साथ चिलाती (बांगलादेश) और जोगबनी-विराटनगर (नेपाल) आदि अनेक सर्वेक्षण कार्यों को पूरा करने का कार्य कर रहा है। इन रेल परियोजनाओं की सहायता से भारत-बांगलादेश ट्रांस एशियन रेलवे नेटवर्क को स्थापित करने में मदद मिलेगी।




*माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिनांक 09.02.2019 को अगरतला में अगरतला-सबरूम नई लाइन परियोजना के अंतर्गत गार्जी-शांतिरबाजार-बेलोनिया सेक्शन राष्ट्र को समर्पित करते हुए।*



*श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण), पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगांव दिनांक 28.03.2019 को न्यू बंगाईगांव में फ्लैश बट्ट वेल्डिंग प्लांट का उद्घाटन करते हुए।*


| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सह संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|---|
| श्री एन. के. प्रसाद | श्री बी.एन भास्कर | श्री एस.जे.मंडल | श्री राजेश रंजन कुमार | श्री ज्योतिष चन्द्र ठाकुरिया |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | राजभाषा अधिकारी/नि. | वरिष्ठ अनुवादक/नि. |

# पिछली तिमाही के दौरान हासिल की गयी विशेष उपलब्धियां

# लमडिंग-होजाई दोहरीकरण परियोजना (44.92 कि.मी.) के अन्तर्गत होजाई-लंका-हबाईपुर (19.87 कि.मी.) सेक्शन का दिनांक 02.02.2019 को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण पूरा किया गया और उसे चालू किया गया।

# माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक 09.02.2019 को अगरतला में अगरतला-सबरूम नई लाइन परियोजना के अंतर्गत गार्जी-शांतिरबाजार-बेलोनिया (23.32 कि.मी.) सेक्शन को राष्ट्र को समर्पित किया।

# माननीय रेल राज्यमंत्री श्री राजेन गोहांईं ने दिनांक 21.02.2019 को होजाई में होजाई से हबाईपुर (19.87 कि.मी.) दोहरीकरण सेक्शन राष्ट्र को समर्पित किया और नवनिर्मित होजाई, ढालपुखुरी, लंका और हबाईपुर स्टेशन भवन का भी उद्‌घाटन थे।

# महाप्रबंधक/निर्माण/मालीगांव की अध्यक्षता में दिनांक 01.03.2019 को इंटर मीडिया पब्लिसिटी कोर्डिनेशन कमिटी (आईएमपीसीसी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में श्री के. एस. धतवलिया, डायरेक्टर जनरल (एन.ई.जोन), प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो सहित अन्य सदस्यभी उपस्थित हुए।

# लक्ष्य निर्धारित सेक्शन डिगारू-होजाई (102 कि.मी.) एवं होजाई-लमडिंग (44.92 कि.मी.) दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत डिगारू-लमडिंग का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण पूरा किया गया।

# श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने महाप्रबंधक/दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ विभिन्न रेल परियोजनाओं के लिए सामग्रियों की प्राप्ति के सिलसिले में दिनांक 28.01.2019 को कोलकाता में एक बैठक की।

# लमडिंग-होजाई दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत होजाई-ढोलपुखुरी-लंका-हबाईपुर (19.87 कि.मी.) सेक्शन के लिए दिनांक 04.02.19 को रेल संरक्षा आयुक्त का प्राधिकार प्राप्त किया गया।

# आमबाड़ी फालाकाटा-न्यू मायनागुड़ी दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत न्यू मायनागुड़ी से वाई लेग (केबिन) संपर्क (5.86 कि.मी.) सेक्शन के लिए दिनांक 31.03.19 को रेल संरक्षा आयुक्त का प्राधिकार प्राप्त किया गया।

# न्यू मायनागुड़ी-गुमानीहाट दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत न्यू मायनागुड़ी-बेतगारा (4.60 कि.मी.) सेक्शन के लिए दिनांक 31.03.19 को रेल संरक्षा आयुक्त का प्राधिकार प्राप्त किया गया।

# न्यू मायनागुड़ी-जोगीघोपा नई लाइन परियोजना के अंतर्गत आलमगंज-बिलासीपाड़ा (28 कि.मी.) सेक्श्न का दिनांक 28.03.19 को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण पूरा किया गया।

## सिगनलिंग तथा टेलीकॉम: विशेष उपलब्धियां

# पुराने एवं अनुपयोगी 5 सड़क वाहन एवं 120 मेट्रिक टन की स्क्रैप सामग्री भंडार डिपो/न्यू जलपाईगुड़ी को सौंपा गया।

# लमडिंग-होजाई (44.92 कि.मी.) दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत होजाई-हबाईपुर (19.87 कि.मी.) सेक्शन का नॉन इंटरलॉकिंग कार्य पूरा किया गया और दिनांक 02.02.19 को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया।

# न्यू मायनागुड़ी-जोगीघोपा नई लाइन परियोजना से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग दिनांक 26.03.2019 को बिलासीपाड़ा एवं बागरीबारी स्टेशनों में चालू किया गया। दिनांक 27.03.2019 को रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण सफलतापूर्वक किया गया।

# पैच दोहरीकरण कार्य के सिलसिले में दिनांक 31.03.2019 को वाई लेग केबिन से बेतगारा तक रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण पूरा किया गया।

# अगरतला-सबरूम (112 कि.मी.) नई लाइन परियोजना के अंतर्गत बेलोनिया-सबरूम सेक्शन में 4 कि.मी. केबल बिछाने, 30 ग्लूड ज्वाइंट्स, 6 सिगनल पोस्ट एवं 4 लोकेशन बॉक्स लगाने का कार्य पूरा किया गया।

# लमडिंग-होजाई (44.96 कि.मी.) दोहरीकरण परियोजना में 14 लोकेशन बॉक्स खड़े करने एवं 9 प्वाइंट मशीनों को फिक्स करने का कार्य पूरा किया गया।

# न्यू मायनागुड़ी-जोगीघोपा (288.88 कि.मी.) नई लाइन परियोजना के अंतर्गत आलमगंज-बिलासीपाड़ा-अभयापुरी सेक्शन में 15 सिगनल पोस्ट खड़े करने, 8 लोकेशन बॉक्स बैठाने, 120 कि.मी. केबल बिछाने, 140 ग्लूड ज्वइंट्स एवं 12 टर्न आऊट और डिरेलिंग स्वीच का कार्य पूरा किया गया।

## बिजली: विशेष उपलब्धियां

# जलपाईगुड़ी रोड स्टेशन में 5 किलोवाट का सोलर पंप संस्थापित किया गया।

# सबरूम स्टेशन में 21 सौर स्ट्रीट लैम्प लगाए गए।

# जुलाईबाड़ी में 1 एवं सबरूम रेलवे स्टेशन में 3 सोलर सेमी हाईमास्ट चालू किए गए।

# न्यू मायनागुड़ी-जोगीघोपा नई लाइन परियोजना के अंतर्गत जोगीघोपा (निर्माण) परिसर में 12 मीटर हाईमास्ट के 5 खंभों सहित 150 वाट के 6 एलईडी फ्लड लाइट खड़े किए गए।

# न्यू मायनागुड़ी-जोगीघोपा नई लाइन परियोजना के अंतर्गत गौरीपुर-अभयापुरी सेक्शन में 180 ट्रैक क्रॉसिंग में से (एलटी, 11 केवी एवं 33 केवी) सभी ट्रैक क्रॉसिंग परिवर्तित किए गए।

# खोंगसांग में नए रेलवे विश्रामालय भवन के विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया गया।

# अगरतला-सबरूम नई लाइन परियोजना के अंतर्गत बेलोनिया-सबरूम सेक्शन में ओवरहेड बिजली के तारों को हटाकर यूजी केबल के माध्यम से 2 ट्रैक परियोजनाओं के अंतर्गत गौरीपुर-अभयापुरी सेक्शन में 180 ट्रैक क्रॉसिंग में से (एलटी, 11 केवी एवं 33 केवी) सभी ट्रैक क्रॉसिंग परिवर्तित किए गए। क्रॉसिंग को अंडरग्राउंड किया गया।

# जिरिबाम-इंफाल नई लाईन परियोजना के अंतर्गत जिरिबाम-कंबीरॉन स्टेशनों के बीच 33 केवी के 15 टावर (कुल संचयी 130) रेलवे के लिए बिजली ट्रांसमिशन हेतु स्थापित किया गया।

# छयगांव स्टेशन के निकट 136/5-6 कि.मी. स्थल पर 11 केवी ट्रैक क्रॉसिंग के लिए मशीन बोरिंग तथा 200 मिलीमीटर डाया सीआई पाइप बिछाने का कार्य पूरा किया गया।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (केंद्रीय कार्यालय-2) गुवाहाटी की आठवीं बैठक



श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण एवं अध्यक्ष, नराकास, (केंद्रीय कार्यालय-2) बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) की अध्यक्षता में 15 फरवरी, 2019 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (केंद्रीय कार्यालय-2) गुवाहाटी की आठवीं नियमित बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अब तक के अधिकतम कुल 58 सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सभी केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाना हमारा संवैधानिक दायित्व है। सभी सदस्य कार्यालयों में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3), राजभाषा नियम 1976 के नियम-5 के तहत हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देना, विभागीय राजभाषा बैठकें, हिंदी प्रशिक्षण एवं कंप्यूटरों के द्विभाषीकरण के मदों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) से संबंधित सभी दस्तावेज द्विभाषी अवश्य जारी करें, यह अत्यंत आवश्यक है। इस बैठक में कुल 7 सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी जिसमें से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान क्रमशः केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय भूमिजल बोर्ड, प्रभाग-7 एवं स्टेशन प्रबंधक, गुवाहाटी रेलवे स्टेशन को प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# पू.सी. रेल, महाप्रबंधक (निर्माण) में पांच दिवसीय हिंदी एवं कंप्यूटर कार्यशाला का आयोजन




पूर्वोत्तर सीमा रेल, महाप्रबंधक (निर्माण), मुख्यालय मालीगांव में 6 से 12 मार्च, 2019 तक पांच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के पहले सत्र में राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने कर्मचारियों को विशेष रूप से राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले कागजात एवं कार्यालयीन कार्य में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के तौर तरीके बताए। इस दौरान फाइलों पर हिंदी में नोटिंग एवं प्रारूप लेखन, फाइलों के कवर पृष्ठों का द्विभाषीकरण करना, नियंत्रण अधिकारी को छुट्टी के आवेदन, अर्ध सरकारी पत्र लेखन, परिपत्र एवं अधिकारियों के दौरा कार्यक्रम आदि कार्यों को आसानी से हिंदी में किए जाने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस कार्यशाला के दूसरे सत्र में दयाल सुरीन, आशुलिपिक ग्रेड-1 ने हिंदी में कंप्यूटर पर गूगल वॉयस टाइपिंग को सक्रिय करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों से गजिन चन्द्र दास, मुकाधी/स्टोर्स, सत्यजीत राय, मुकाधी/निविदा, हितेन शर्मा/काधी, वीणा कलिता, काधी/स्टोर्स, तुषार कांति दास, काधी/परिचालन, रवि कुमार, सीनि.से.इंजी./अभिकल्प, आशुतोष कुमार पांडेय, सीनि.से.इंजी./अभिकल्प भरत भूषण, सीनि.से.इंजी./अभिकल्प, ए. राजेश, सीनि.से.इंजी./योजना-1, सूरज प्रकाश मराठा सीनि.से.इंजी./योजना-1, सतेन्द्र कुमार, जूनियर इंजी/अभिकल्प, चेतनाथ जोशी, तकनीशियन/बिजली, सुब्रत सेन, वरिष्ठ लिपिक/इंजीनियरिंग, जूरी कश्यप, प्यून/आरपीएफ, शेवाली दास, ट्रैकमेंटेनर/सामान्य-1, बबीता बरूवा, ट्रैकमेंटेनर/सामान्य-1, मुनमुन सिंहा, ट्रैकमेंटेनर/जनसंपर्क शामिल हुए।



# पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन, मालीगांव में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण), पूर्वोत्तर सीमा रेल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 4 फरवरी, 2019 को आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ श्री बी. एन. भास्कर, मुख्य इंजीनियर/नि.-1 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए किया। बैठक के आरंभ में त्रैमासिक संवाद-पत्र के 49वें अंक का विमोचन महाप्रबंधक द्वारा उपस्थित अधिकारियों के साथ किया गया। इस अवसर पर रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा पुरस्कृत एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी को महाप्रबंधक द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिए श्री बी. जी. साहा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी को पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।



त्रैमासिक "संवाद पत्र" के 49वें अंक का विमोचन करते हुए महाप्रबंधक (निर्माण)

श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) एवं अध्यक्ष क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर बढ़ाने के लिए हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर शत-प्रतिशत हिंदी में दें। हिंदी में मूल पत्राचार, टिप्पणी एवं डिक्टेशन के मदों में राजभाषा की नीतियों का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करवाएं। आपसी संवाद के दौरान अधिक से अधिक हिंदी का ही प्रयोग करें क्योंकि 80 प्रतिशत लोग हिंदी में बोलते हैं। उन्होंने धारा 3 (3) के अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके अलावा उन्होंने राजभाषा प्रदर्शनी का अवलोकन किया जिसमें तीन विभागों द्वारा हिंदी में नोटिंग, उपस्थिति रजिस्टरों पर हिंदी में नाम, पदनाम के अलावा कई तरह के पत्राचार थे।

महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने हिंदी में टेंपलेट, नोटिंग-ड्राफ्टिंग तथा इनोवेटिव आइडिया लाने का अनुरोध किया। इस बैठक का संचालन एवं तिमाही प्रगति संबंधी पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण श्री एस. जे. मंडल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने किया।

# पू.सी. रेल/निर्माण कार्यालय में राजभाषा संपर्क अधिकारियों की बैठक का आयोजन




दिनांक 25.03.2019 को पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण कार्यालय में राजभाषा संपर्क अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। श्री राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी/निर्माण द्वारा पू.सी.रेल/निर्माण कार्यालय के प्रत्येक विभाग में मार्च महीने की अंतिम सप्ताह की तिमाही तक हो रही राजभाषा संबंधी प्रगति का जाएजा लेने तथा उपस्थित सभी विभागों के संपर्क अधिकारियों को राजभाषा के क्षेत्र में और अधिक प्रगति लाने के लिए किए जाने वाले प्रयास में सुधार लाने के उपाय बतलाए गए। इस बैठक में विभिन्न विभागों के संपर्क अधिकारी उपस्थित हुए जैसे- श्री पी कपूर, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/नि/2, श्री बी.सी. बिश्वासी, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/नि, श्री तपन चक्रवर्ती, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/नि/अभिकल्प, श्रीमती जयश्री मालाकार, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/नि/योजना-1, श्री अतुल कुमार, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/नि/सामान्य-2, श्री मनोहर कलिता, वरिष्ठ विधि अधिकारी/नि एवं मो: इम्तियाज अली, कनिष्ठ इंजीनियर/नि/योजना-2



रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा लमडिंग-होजाई (44.92 कि.मी.) दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत होजाई-हबाईपुर (19.87 कि.मी.) सेक्शन का दिनांक 02.02.2019 को निरीक्षण पूरा किया गया।



महाप्रबंधक/निर्माण/मालीगांव कार्यालय, गुवाहाटी में दिनांक 01.03.2019 को इंटर मीडिया पब्लिसिटी कोर्डिनेशन कमिटी (आईएमपीसीसी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में श्री के. एस. धतवलिया, डायरेक्टर जनरल (एन.ई.जोन), प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो सहित अन्य उपस्थित हुए।